तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 19.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 23 मार्च 2026



10 विश्व जल दिवस पर मुंगई माता मंदिर में...




10 14.89 करोड़ के देवगांव जलाशय लाइनिंग ...






## नवरात्रि विशेष



### पंचमीः स्कंदमाता

देवी मां का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता का है। स्कंदमाता को ही महेश्वरी, गौरी और पार्वती कहते हैं। भगवान स्कंदजी बालरुप में इन्हीं के गोद में विराजते हैं। सौभाग्य की देवी स्कंदमाता असुरों का दमन करने वाली और परम वैभवशाली है। सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कांति से संपन्न हो जाता है। कथा है कि एक बार असुर तारकासुर ने घोर तपस्या करके ब्रह्माजी से अक्षत जीवन का वर ले लिया था। बह्माजी ने वरदान तो दे दिया पर कहा कि आना-जाना तो इस सृष्टि का नियम है। इससे कोई नहीं बच सकता। इस पर धूर्त तारकासुर ने वर मांगा कि उनकी मौत हो तो सिर्फ शिवजी के पुत्र के हाथों। बह्माजी ने भी तथास्तु कह दिया। अब तारकासुर निरंकुश हो गया। उसने सोचा न तो शिव कभी विवाह करेंगे और उसकी मौत होगी। तारकासुर ने ऐसा उत्पात मचाया कि सारा संसार त्राहि-त्राहि कर उठा। देवगण शिवजी की शरण में पहुंचे और सार व्यथा-कथा कह सुनाई। उनके काफी अनुनय-विनय सदाशिव ने साकार रुप धारण कर पार्वतीजी से विवाह रचाया। कालांतर में शिव-पार्वती कार्तिकेय या स्कंदकुमार ने तारकासुर को यमलोक पहुंचाया। स्कंदमाता के स्वरुप के साथ ही माता और पुत्र संबंध की नींव पड़ी। पांचवे नवरात्र को इन्हीं स्कंदमाता की पूजा होती है। शास्त्रों में पांचवे नवरात्रि को पुष्कल का महत्व बताया गया है। स्कंदमाता की चार भुजाएं है। इनका वर्ण शुभ्र है। स्कंदमाता की आराधना के समय साधक मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित रहता है।



## पैरा एथलीटों का नेशनल चैंपियनशिप में दबदबा, जीता स्वर्ण व कांस्य पदक

### अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुखदेव ने 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण और ईश्वरी निषाद ने 200 मीटर में कांस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- ओडिशा के भुवनेश्वर में किया गया स्पर्धा का आयोजन

पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया तथा स्टेट पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ओडिशा द्वारा 24वीं नेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 का आयोजन 18 से 21 मार्च तक कलिंगा स्टेडियम भुवनेश्वर में आयोजित किया गया। जिसमें महासमुंद जिले से 05 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

मिली जानकारी के अनुसार 4 बालक एवं 01 बालिका खिलाड़ी एवं कोच मैनेजर व गाईड रनर प्रशांत निषाद एवं अनिमेष सिदार एवं सुकदेव के गाईड रनर वेंकटेश शामिल हुए। सीनियर चैंपियनशिप के टी 11 कैटेगरी में सुखदेव ने 1500 मीटर दौड़ में भागीदारी किया एवं 1500 मीटर दौड़ में बेहतर प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीतने में सफलता हासिल की। टी 12 कैटेगरी में निखिल कुमार यादव ने 1500 मीटर दौड़ में शामिल हुए। टी 12 कैटेगरी में नोशन लाल पटेल ने 400 मीटर दौड़ में भाग लिया। एवं ईश्वरी निषाद ने 200 मीटर एवं 400 मीटर दौड़ में हिस्सा लिया। तथा 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतने में सफलता अर्जित की। सुखदेव ने 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक एवं ईश्वरी निषाद ने 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतने में सफलता अर्जित करते हुए प्रदेश एवं जिले को गौरवान्वित किया हैं। राष्ट्रीय चैंपियनशिप में जिले से 05 खिलाड़ियों को भागीदारी करने एवं 02 पदक जीतने पर ने जिला प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए इनके भविष्य के लिए शुभेच्छा जताई है।



### कार्रवाई : दो अलग-अलग मामलों में नशे के खिलाफ लिया एक्शन

## अंतरराज्यीय तस्करों से 6 लाख से ज्यादा का गांजा बरामद, बाइक सवारों से जब्त हुई नशीली दवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गांजा का अवैध परिवहन कर रहे अंतरराज्यीय तस्करों पर कोमाखान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों के कब्जे से 6 लाख रुपए से ज्यादा का गांजा बरामद किया है। टेमरी जांच नाका में वाहनों की चेकिंग के एक कत्थे रंग के कंटेनर वाहन क्रमांक एचआर 56 सी 2387 में 02 व्यक्ति सवार होकर अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा लेकर ओडिशा से छत्तीसगढ की ओर आने की जानकारी पुलिस को मिली थी।

जानकारी के अनुसार उक्त वाहन को रोका गया। जिसमें सवार लोगों से पूछताछ में कंटेनर चालक ने अपना नाम बाबूलाल पिता ओमप्रकाश (40 साल) निवासी नौगांव नागला भोला मथुरा थाना छाता जिला मथुरा (उत्तरप्रदेश) एवं चालक की बगल में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम रविंद्र पिता सूजन सिंह (19 साल) निवासी साधन थाना अछनेरा जिला आगरा (उत्तरप्रदेश) का होना बताया। कंटेनर में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखने के संबंध में पूछताछ करने पर संदेहियों ने बताया कि गांजा को ओडिशा राज्य से हरियाणा राज्य में बिक्री करने ले जाना बताया। पुलिस ने वाहन से कुल 12.300 किलोग्राम गांजा, कीमत 615000 रुपए के बरामद किया। इसके अलावा कंटेनर वाहन कीमत 20, 00000 रुपए, मोबाइल, नगदी रकम बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(बी)(II) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### बाइक सवारों से कफ सिरप, नशे की टैबलेट जब्त



**महासमुंद।** बाइक में सवार लोगों के कब्जे से सिंघोड़ा पुलिस ने नशीले टैबलेट जब्त करते हुए तीन आरोपियों के विरूद्ध नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति एक हीरो ग्लैमर मोटर सायकल सीजी 06 जीएन 9588 में सवार होकर ओडिशा से छत्तीसगढ की ओर अवैध रूप से कफ सिरप एवं नशीला टेबलेट लेकर आ रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने ग्राम रेहटीखोल जाकर उक्त बाइक सवारों को रोककर पूछताछ की। पूछताछ करने पर वे लोग गोलमोल जबाब देने लगे। कड़ाई से पूछताछ करने पर अपने पास रखे सफेद कलर की प्लास्टिक थैले में कफ सिरप एवं नशीला टैबलेट होने की जानकारी दी। उक्त सिरप एवं टेबलेट को कोदोपाली ओडिशा से अक्षय उर्फ मंगलू रात्रे निवासी सिंघोड़ा के पास ले जाना बताए। कुछ समय बाद आरोपी अक्षय उर्फ मंगलू रात्रे पिता (28 साल) सिंघोड़ा को लाया गया। वहीं पूछताछ में मोटर सायकल चालक ने अपना नाम मुरारीलाल नायक पिता खिरसिंधु नायक (26 साल) बोईरमाल थाना सिंघोड़ा, पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम ललित पटेल पिता रामप्रसाद पटेल (40 साल) बटकी थाना सिंघोड़ा होना बताया। मामले में आरोपियों के कब्जे 21 नग कफ सिरप कुल कीमत कुल 4158 रुपए तथा 10 नग नाइट्रेजेपाम टेबलेट कीमत 73.13 रुपए को बरामद किया गया। आरोपियों के विरूद्ध धारा 21(सी) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## लापता युवक का शव जंगल में मिला, हत्या का संदेह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

घर से दो दिन पहले अचानक लापता युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बंसीमुड़ा के जंगल में पेड़ से लटका मिला। इसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी थी।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने संदेहियों को हिरासत मे लेकर सघन पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि थाना सांकरा के ग्राम बड़े टेमरी निवासी एक 22 वर्षीय युवक ललित साहू का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बंसीमुड़ा के जंगल में पेड़ से लटका मिला। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। इसके अलावा वैज्ञानिक अधिकारी (एफएसएल), डॉग स्क्वॉड और फॉरेंसिक टीम द्वारा घटना स्थल व शव का बारीकी से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मृतक के शरीर पर चोट के निशान पाए गए, जिससे मामला आत्महत्या न होकर हत्या कर शव को पेड़ पर लटकाया जाने के संदेह व्यक्त किया गया।

विवेचना के दौरान जानकारी मिली कि मृतक ललित साहू को अंतिम बार गांव के ही सुबोध साहू, शिव प्रसाद साहू और देवेंद्र साहू के साथ घूमते और शराब पीते देखा गया था। जांच में यह भी तथ्य सामने आया है कि मृतक ललित, संदेही शिव प्रसाद की बहन के बारे में कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी करता था, जिसे लेकर शिव प्रसाद, मृतक से रंजिश रखता था। जांच के दौरान आये उक्त तथ्यों के आधार पर मामला प्रथम दृष्टया गला घोंटकर हत्या का प्रतीत होने पर पुलिस तीन संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।वहीं शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। पुलिस ने जल्द ही मामले की खुलासे की संभावना व्यक्त की है।




## खबर संक्षेप

### देसी प्लेन शराब बरामद

**महासमंद।** सरायपाली पुलिस ने एक बुजुर्ग के कब्जे से देशी प्लेन शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी चंदन भोई पिता बंशीधर भोई (65 साल) अर्जुंडा के कब्जे से 24 नग देशी प्लेन शराब कीमत 1920 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध 34(1)ए आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

### भजन सुनने गए युवक से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शीतला मंदिर भजन सुनने गए एक युवक के साथ मारपीट की घटना में आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 21 मार्च को सत्यदेव भारती अपने दोस्त घनश्याम बांधे, विजय पटेला के साथ शीतला मंदिर के पास भजन सुनने गया था। तभी रात्रि करीब 09.30 बजे गांव का गोपी यादव वहां पर आया और सत्यदेव और उसके साथ के साथ गाली गलौज करने लगा। मना करने पर आरोपी ने सत्यदेव भारती के साथ मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।


### ऑटो की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** ऑटो की टक्कर से बाइक में सवार एक लड़की घायल हो गई। घटना की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को झामेंद्र दास मानिकपुरी ने बताया कि 18 मार्च को उसके बड़े भाई नरेंद्रदास मानिकपुरी अपनी मोटर सायकल के पीछे छोटी बहन वर्षा मानिकपुरी तथा भतीजे भव्यांश मानिकपुरी को बिठाकर ग्राम नायकबांधा से महासमुंद आ रहे थे। सुबह करीब 10.15 बजे मांगरमाडा मोड़ के पास पिटियाझर पहुंचे थे, तभी सामने से आ रहे ऑटो क्र सीजी 06 जीपी 5167 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज रफतार एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर बाइक को ठोकर मार दिया। जिससे उसकी बहन वर्षा मानिकपुरी को चोट आई।

# 11 डायरी में 13 लाख बार लिखा राम नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में हुआ दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)






11 डायरी में कुल 13 लाख बार राम लिखकर नगर के रावणभाटा पारा निवासी 79 वर्षीय सेवानिवृत्त रेंजर रामफल प्रजापति ने ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली। उन्होंने गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है।

रामफल प्रजापति ने हरिभूमि को बताया कि उनके मन में लंबे समय से कुछ अलग और प्रेरणादायक करने की इच्छा थी। जीवन के इस पड़ाव पर उन्होंने आध्यात्मिक मार्ग को अपनाते हुए भगवान राम के नाम का लेखन प्रारंभ किया। उन्होंने इसे केवल एक रिकॉर्ड बनाने का माध्यम नहीं, बल्कि साधना और आत्मशांति का जरिया बताया। उन्होंने जानकारी दी कि इस कार्य की शुरुआत उन्होंने 12 फरवरी 2021 को की थी और लगातार नियमित लेखन करते हुए 8 जून 2025 को इसे पूर्ण किया। इस दौरान उन्होंने दिनचर्या का एक महत्वपूर्ण हिस्सा राम नाम लेखन को बनाया। कभी स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां आईं, तो कभी उम्र का असर महसूस हुआ, लेकिन उनके संकल्प ने हर बाधा को पार कर लिया।

इस अनूठी उपलब्धि की खास बात यह है कि देश में अब तक इतनी बड़ी संख्या में भगवान राम का नाम लेखन का कोई प्रमाणित रिकॉर्ड सामने नहीं आया। ऐसे में रामफल प्रजापति का यह प्रयास न केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि एक ऐतिहासिक कीर्तिमान भी है।

## रमन टोला में प्रधान पाठक के सूने घर में चोरी

**महासमुंद।** कोतवाली थाना क्षेत्र के रमनटोला में चोरों ने प्रधानपाठक के सूने मकान को निशाना बनाया, वहीं एक बिजली मिस्त्री की बाइक चोरी हो गई। दोनों ही मामले में पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर जांच मंख लिया है। जानकारी के अनुसार वार्ड-09 रमनटोला निवासी प्रधान पाठक द्रौपदी साहू ने कोतवाली में शिकायत की है कि वह तीन मार्च की शाम 04.30 बजे वह बेटी जयश्री साहू के साथ पैतृक ग्राम कोसरंगी होली मनाने गई थी। घर में कोई नहीं था। त्योहार मनाने के बाद 5 मार्च की शाम 5 बजे घर पहुंचकर देखा तो लकड़ी के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और ताला कुण्डी में लटका हुआ था। कमरे की आलमारी खुली हुई थी और सोने की एक जोड़ी कान का टाप्स वजन 3.200 ग्राम, एक नग सोने की अंगूठी वजन 2.902 ग्राम और दो नग सोने की फुल्ली, एक जोड़ी चांदी की पैरपट्टी और नगदी 3, 500 रुपए गायब थे। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 305 (ए) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। वहीं वार्ड-24 सुभाष नगर निवासी कृष्ण कुमार चंद्राकर ने कोतवाली पुलिस को बताया कि वह बिजली फिटिंग का कार्य करता है। 13 मार्च को वह बाइक क्रमांक सीजी 06 जी 1782 से क्लबपारा गया था। बाइक को हैंडल लॉक किया था। दोपहर करीब 3:30 बजे खाना खाने के लिए बाहर निकला तो बाइक नहीं थी। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 303 तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# ओडिशा की तरह छग के किसानों से भी 3100 रुपए में रबी धान खरीदे भाजपा सरकार: विनोद

## सीएम विष्णुदेव साय ने की थी 3100 रुपए में रबी धान खरीदी की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



■ ओडिशा में रबी धान की खरीदी 3100 रुपए में करने किसानों का पंजीयन किया जा रहा, पर छग में किसानों के साथ भेदभाव

एक तरफ छत्तीसगढ़ में किसानों को धान फसल के लिए हतोत्साहित किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर ओडिशा में किसानों से खरीफ के साथ-साथ रबी धान की खरीदी भी 3100 रु. प्रति क्विंटल की दर पर की जा रही है। छत्तीसगढ़ में खरीफ धान की खरीदी में भी भाजपा की सरकार ने तरह-तरह की बाधाएं उत्पन्न कर किसानों को परेशान किया। एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन नहीं होने तथा टोकन नहीं कटने से किसान धान बेचने भटकते रहे। वहीं, दूसरी ओर धान उपार्जन केंद्रों में व्याप्त अव्यवस्थाओं, बार दाना संकट, उठाव नहीं होने से धान जाम की स्थिति के चलते धान खरीदी बंद होने जैसे अनेक बाधाएं सामने आई। जिसके परिणाम स्वरूप खरीफ सीजन में पूरे प्रदेश सहित महासमुंद जिले के लगभग 11 हजार पंजीकृत किसान धान बेचने से वंचित हो गए। वर्तमान रबी सीजन में धान फसल लेने वाले किसानों को खाद संकट, बिजली कटौती, लो वोल्टेज की समस्या से जूझना पड़ रहा है। उक्त वक्तव्य पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने भाजपा द्वारा ओडिशा के किसानों से रबी फसल की खरीदी 3100 रुपए में करने की तैयारी पर व्यक्त किए।

पूर्व संसदीय सचिव चंद्राकर ने कहा कि रबी धान की खरीदी के लिए ओडिशा में विगत 10 मार्च से किसानों का पंजीयन हो रहा है। वहां, 3100 रु. की दर पर रबी धान की खरीदी हो रही है। ओडिशा में विधान सभा चुनाव के दौरान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वहां 3100 रु. में रबी धान को खरीदने की घोषणा की थी। वहां, रबी धान की खरीदी पिछले वर्ष से चल रही है।

जब ओडिशा में रबी धान की खरीदी समर्थन मूल्य 3100 रु. की दर से हो सकती है, तो छत्तीसगढ़ में क्यों नहीं? चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ के किसानों के साथ अन्याय कर रही है। यहां के किसानों के साथ भेदभाव पूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। जबकि, ओडिशा में तो भाजपा की सरकार अभी बनी है। छत्तीसगढ़ के किसानों ने 4 बार भाजपा की सरकार यहां बनाई है। 2003 से 2018 तक किसानों ने लगातार भाजपा की सरकार बनाई। अब चौथी बार पुनः सरकार बनाकर भाजपा को राज्य की कमान सौंपी है। ऐसे में ओडिशा से पहले छत्तीसगढ़ के किसानों से रबी सीजन में धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर 3100 रु. प्रति क्विंटल की दर पर होनी चाहिए। लेकिन, भाजपा की साय सरकार छत्तीसगढ़ के किसानों के भोलेपन का फायदा उठाकर उनके साथ अन्याय कर रही है।

पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि सीएम साय बताए कि ओडिशा के किसान और छत्तीसगढ़ के किसानों में क्या अंतर है। क्यों ओडिशा में खरीफ और रबी दोनों सीजन में धान का समर्थन मूल्य 3100 रु. दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के किसानों के साथ भेदभाव पूर्ण नीति क्यों अपनाई जा रही है। यहां के किसान रबी सीजन में अपनी गाढ़ी मेहनत की कमाई को औने-पौने दाम पर बेचने विवश हो जाते हैं। छग के किसानों को रबी सीजन में बमुश्किल 1500 से 1700 रु. प्रति क्विंटल ही धान का मूल्य मिल पाता है। तेज धूप, गर्मी में जलकर अनाज उगाने वाले हमारे किसानों को कोचियों, बिचौलियों का मुंह ताकना पड़ता है, और हमारा मुख्यमंत्री दूसरे राज्य में जाकर बड़ी-बड़ी घोषणाएं करता है। यह छग के किसानों के साथ सरासर अन्याय है। चंद्राकर ने मांग की है कि शीघ्र ओडिशा राज्य की तर्ज पर छत्तीसगढ़ के किसानों को भी इसी रबी सीजन से धान का समर्थन मूल्य 3100 रु. प्रदान करने की दिशा में पहल होनी चाहिए।

# महासमुंद शहर को मिलेगी नई लाइफलाइन, नहर लिंक रोड के प्रथम चरण को मिली हरी झंडी : चोपड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शहर की यातायात व्यवस्था को एक नई दिशा देने और विकास की रफ्तार को तेज करने के लिए बहुप्रतीक्षित 'नहर लिंक रोड' परियोजना के पहले चरण को शासन द्वारा स्वीकृति मिल गई है। यह सड़क भविष्य में महासमुंद शहर के लिए एक लाइफ लाइन साबित होगी। इस महत्वपूर्ण परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए महासमुंद के पूर्व विधायक और 2 कार्यकाल के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. विमल चोपड़ा ने लंबे समय तक संघर्ष किया और सिंचाई विभाग से जमीन का हस्तांतरण सुनिश्चित कराया, जिसके सुखद परिणाम अब सामने आ रहे हैं। परियोजना के प्रथम चरण के तहत केंद्रीय विद्यालय महासमुंद से लेकर बागबाहरा रोड तक सड़क का निर्माण किया जाएगा। इस उपलब्धि पर डॉ. विमल चोपड़ा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, स्थानीय शासन प्रभारी मंत्री, सांसद और क्षेत्रीय विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया है। डॉ. चोपड़ा ने शासन-प्रशासन से आग्रह किया है कि सड़क निर्माण में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।

उन्होंने मांग की है कि इस मार्ग को शहर की गरिमा के अनुरूप अधिकतम चौड़ाई के साथ एक सुंदर और व्यवस्थित स्वरूप दिया जाए, ताकि यह रायपुर के एक्सप्रेस वे की तर्ज पर शहरवासियों को सुगम आवागमन की सुविधा प्रदान कर सके।

सड़क निर्माण के मार्ग में आने वाले अवैध कब्जों को लेकर भी उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास के हित में इन कब्जों को हटाकर व्यवस्थित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने विश्वास जताया कि शहर के विकास को देखते हुए जिन लोगों ने नहर किनारे कब्जा किया है, वे स्वतः ही अपना कब्जा छोड़ दें। ताकि, एक अच्छे सड़क का निर्माण निर्बाध रूप से हो सके। डॉ. चोपड़ा ने भविष्य की योजना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अगले चरण में शेष सड़क का निर्माण भी पूरा कराया जाएगा। यदि इस मार्ग को पटरी पार ले जाकर दलदली रोड से जोड़ दिया जाए, तो यह महासमुंद के इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण और सुविधायुक्त संपर्क मार्ग बनकर उभरेगा।

### स्थानीय युवाओं के हक पर डाका डाल रही हैं फैक्ट्रियां, चुप नहीं बैठेंगे: चोपड़ा

**महासमुंद।** पूर्व विधायक डॉ.विमल चोपड़ा ने क्षेत्र में लग रही नई फैक्ट्रियों, विशेषकर पिकाडिली और करणी कृपा प्रबंधन के खिलाफ कड़ा रोष व्यक्त करते हुए कलेक्टर और श्रम अधिकारी को पत्र लिखा है कि यदि इन औद्योगिक इकाइयों ने स्थानीय युवाओं को रोजगार देने में आनाकानी बंद नहीं की, तो क्षेत्र की जनता के साथ मिलकर उग्र आंदोलन किया जाएगा। डॉ. चोपड़ा ने कहा कि हमें क्षेत्र में उद्योगों के लगने से कोई विरोध नहीं है, लेकिन उद्योगों का प्रदूषण स्थानीय लोग झेलें और रोजगार के नाम पर बाहरी लोगों को कैंपों में भरकर लाया जाए, यह कतई स्वीकार्य नहीं है। पिकाडिली प्रबंधन का व्यवहार स्थानीय लोगों और प्रतिनिधियों के प्रति बेहद आपत्तिजनक है। प्रशासन को तत्काल इन फैक्ट्रियों का निरीक्षण कर यह देखना चाहिए कि कितने बाहरी लोग यहां अकुशल श्रमिक के रूप में काम कर रहे हैं। स्थानीय लोगों को छोटे-मोटे रोजगार भी उपलब्ध नहीं कराए गए, तो यहां के लोग पलायन करने को मजबूर होंगे, जिससे क्षेत्र की स्थिति बिगड़ सकती है। अतः प्रशासन को तत्काल हस्तक्षेप कर स्थानीय युवाओं का हक सुनिश्चित करना चाहिए।

## भोरिंग व अछरीडीह में आयोजित श्रीराम कथा में शामिल हुए तुषार



**महासमुंद।** ग्राम भोरिंग व अछरीडीह में आयोजित श्रीराम कथा कार्यक्रम में राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। इस मौके पर तुषार साहू ने कहा कि भरत द्वारा चित्रकूट पहुंचकर श्रीराम को वनवास से रोकने के प्रयास किया। भरत ने श्रीराम से अयोध्या लौटने का आग्रह किया। श्रीराम ने अपने पिता दशरथ के वचनों का पालन करने के लिए भरत के आग्रह को अस्वीकार कर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे माता-पिता की आज्ञा का पालन करते हुए वनवास पूर्ण करेंगे। श्रीराम के न मानने पर भरत ने उनकी चरण-पादुकाएं लीं। उन्होंने प्रतीकात्मक रूप से इन पादुकाओं को अयोध्या का राजा घोषित किया और स्वयं नंदीग्राम में रहकर एक वनवासी की तरह शासन किया।

## स्क्रैप यार्ड में छापा, भारी मात्रा में चोरी का सरिया और पिग आयरन जब्त

**रायपुर।** ग्रामीण पुलिस ने पुलिस कमिश्नरेट के क्षेत्र में एक स्क्रैप यार्ड में रेड कार्रवाई करते हुए सात लाख रुपए के करीब का सरिया तथा पिग आयरन जब्त किया है।

बताया जा रहा है मंदिर हसौद थाने की पुलिस ने इतनी गोपनीय तरीके से छापे की कार्रवाई की, जिसकी भनक खमतराई पुलिस को नहीं मिल पाई। छापे की कार्रवाई शनिवार दोपहर की गई। पुलिस ने इस मामले में ट्रेलर चालक तथा माल खपाने वाले कबाड़ी को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ कर रही है। चंदन कुमार सिंह ने ट्रेलर सीजी 04 जेसी 6215 के चालक के खिलाफ सरिया चोरी करने की थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। चंदन की शिकायत पर पुलिस ने ट्रेलर की पतासाजी करते हुए खमतराई थाना क्षेत्र में रूपेश कबाड़ी के यार्ड में रेड कार्रवाई की और सरिया के साथ चोरी का पिग आयरन जब्त किया।

# डाइट में विविध संस्कृतियों पर आधारित कला उत्सव आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में प्राचार्य अरुण प्रधान एवं उप प्राचार्य उमादेवी शर्मा के मार्गदर्शन एवं कला शिक्षा प्रभारी व्याख्याता संतोष साहू एवं सांस्कृतिक प्रभारी टेकराम सेन के संयोजन में विविध संस्कृतियों पर आधारित कला उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उड़ीसा, पं. बंगाल, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तमिलनाडू एवं महाराष्ट्र के वेशभूषा संस्कृति, रहन सहन, खानपान, रीति-रिवाज, परंपरा एवं विशेष व्यंजनों पर आधारित स्टाल सृजित कर विविधता में एकता का परिचय छात्राध्यापकों ने दिया। समस्त स्टाल का अवलोकन पश्चात प्राचार्य अरुण प्रधान एवं उपप्राचार्य उमादेवी शर्मा ने कहा कि भारत एक बहुरंगी चुनरी के समान अत्यंत ही समृद्घ एवं प्यारा देश है। इस आयोजन से हमें हमारे भारतीय संस्कृति को समझने का अवसर मिला है। कला शिक्षा प्रभारी संतोष साहू ने कहा कि कला उत्सव एवं कला शिक्षा के माध्यम से हम हमारे विद्यालयों में नवाचार ला सकते हैं।

उक्त उत्सव के दौरान प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों ने अपने अपने राज्य के संस्कृति के अनुरुप प्राचार्य सहित सभी सदस्यों का अनूठे अंदाज में अभिनंदन किया एवं संचालन करते हुए व्याख्याता टेकराम सेन द्वारा सभी राज्यों की भाषाओं पर आधारित पंक्तियों से कार्यक्रम को नई ऊंचाइयां दी। कार्यक्रम के दौरान सभी राज्यों से एकल नृत्य एवं सामूहिक नृत्य ने सभी को झूमने के लिये मजबूर कर दिया। विशेषकर एकल नृत्य में राजस्थानी, महाराष्ट्रीयन पं. बंगाल एवं छत्तीसगढ़ नृत्य में पुष्पलता, तन्नू दीवान, धर्मेन्द्र जगत एवं राजश्री ने एवं सामूहिक नृत्य में उड़ीसा, हरियाणा, गुजरात, पंजाब, तमिलनाडु संस्कृति पर अनुज नायक, कल्याणी ध्रुव, मन्नू नेताम, नूतन साहू, शुभम पोर्ते एवं साथियों ने आकर्षक व विहंगम प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम की सफलता में सहायक प्राध्यापक के सिंग, राजेश चंद्राकर, सुलभा द्विवेदी, एमडी वर्मा, सुमन दीवान, दुर्गा सिन्हा, किरण कन्नौजे, तिलोतमा प्रधान, लक्ष्मी सिन्हा, ईश्वर चंद्राकर, झरना साहू सहित कार्यालयीन स्टाफ से सुनील मरकाम, सुषेण दीवान, आकांक्षा साहू, प्रदीप साहू, योगेन्द्र पाण्डे, मीना साहू, गरिमा सिंह राजपूत, तरुण चंद्राकर, हीरामन, अजय, उदित का विशेष योगदान रहा। छात्राध्यापकों की ओर से मीना ठाकुर, टोमन भंडारी, तनुजा ध्रुव, पायल चंद्राकर, कुसुम दीवान, ज्योति जगत, इन्दूमती ध्रुव, कल्याणी ध्रुव, भारती कालसा, गुंजा साहू सहित समस्त छात्राध्यापकों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लेते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। संचालन अपने अनूठे अंदाज में व्याख्याता टेकराम सेन व आभार प्रदर्शन सहायक प्राध्यापक राजेश चंद्राकर ने किया।

# पाकिस्तान के रास्ते पंजाब से लेकर छत्तीसगढ़ तक फैला है मादक पदार्थ तस्करी का जाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

धान के कटोरा छत्तीसगढ़ को हेरोइन, अफीम, कोकीन जैसे घातक किस्म के मादक पदार्थों का कटोरा बनाने की फिराक में पंजाब सहित अन्य राज्य के ड्रग माफिया सुनियोजित तरीके से साजिश कर रहे हैं। इसी कड़ी में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, क्राइम ब्रांच तथा पुलिस की टीम ने पंजाब के चार हार्डकोर तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिन ड्रग तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, उनके खिलाफ रायपुर के अलग-अलग थानों में एनडीपीएस के प्रकरण दर्ज हैं। एक तस्कर के कब्जे से पुलिस ने इटालियन मेड सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल के साथ एक जिंदा कारतूस जब्त किया है। कमिश्नरेट पुलिस ने पंजाब, तरन तारण निवासी कवलजीत सिंह पन्नू, पंजाब, मोगा निवासी तरसेम सिंह उर्फ साजन, विक्की सिंह और पंजाब, फिरोजपुर निवासी जनक राज को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 12 ग्राम के करीब हेरोइन जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपियों के चार अन्य साथियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

■ एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स क्राइम एवं पुलिस की टीम ने पंजाब से चार हार्डकोर तस्करों को किया गिरफ्तार

### एक तस्कर के कब्जे से इटालियन मेड सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल के साथ बुलेट जब्त



### कुरियर और ट्रक से तस्करी

पुलिस जांच में तस्करों द्वारा अलग-अलग तरीके से ड्रग तस्करी करने की जानकारी पुलिस को मिली है। पुलिस के अनुसार तरसेम सिंह और विक्की कुरियर के माध्यम से रायपुर ड्रग भेजने की व्यवस्था करते थे। कुरियर में सामान के बीच तस्कर ड्रग को इस सलीके से पैक करके रखते थे कि किसी को पार्सल में ड्रग होने का शक न हो। एक अन्य तस्कर जनक राज ट्रक चालकों के माध्यम से ड्रग सप्लाई करता था, जो वैध सामान की आड़ में हेरोइन तथा अन्य मादक पदार्थ छिपाकर लाते थे। इस तरह नेटवर्क बेहद संगठित और तकनीकी रूप से सतर्क तरीके से काम कर रहा था।

### कंवलजीत का नेटवर्क पाकिस्तान के तस्करों से

पूर्व में गिरफ़्तार किए गए रूपिंदर उर्फ पाब्लो गैंग के सदस्यों की जांच के दौरान सामने आया कि कवलजीत सिंग पन्नू इस तस्करी श्रृंखला में 'टियर-1' अर्थात सर्वोच्च स्तर का ड्रग सप्लायर था, वह पाकिस्तान से सटे पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों में सक्रिय तस्करी नेटवर्क से सीधे हेरोइन की खरीदी करता था। इस प्रकार वह आपूर्ति श्रृंखला की सबसे ऊपरी कड़ी के रूप में कार्य करते हुए रूपिंदर जैसे वितरकों को हेरोइन उपलब्ध कराता था, जो आगे रायपुर तथा अन्य शहरों में माल पहुंचाते थे। कंवलजीत को पंजाब पुलिस पूर्व में कई बार ड्रग तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कर चुकी है।

### गिरफ्तार तस्करों का देश के कई राज्यों में नेटवर्क

ड्रग तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने पंजाब के जिन चार ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है, उनका नेटवर्क देश के कई राज्यों के ड्रग तस्करों के साथ है। पुलिस ड्रग तस्करों की रिमांड हासिल कर उनसे पूछताछ करेगी। पुलिस को जो जानकारी मिली है, ड्रग तस्करों का नेटवर्क पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, दिल्ली से लेकर महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश तक फैला हुआ है। गिरफ्तार तस्कर ने महाराष्ट्र के ड्रग तस्करों के माध्यम से रायपुर में नेटवर्क खड़ा किया था।

## इंटेकवेल में 20 मोटर 12 संचालन में, 8 आपात स्थिति के लिए सुरक्षित

**रायपुर।** नगर निगम के अपर आयुक्त लोकेश्वर साहू ने शनिवार को नगर निगम के इंटेकवेल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां स्थापित मोटर पंपों की क्षमता और संचालन के स्थिति की जानकारी जल विभाग के अधिकारियों से ली। इसके अलावा वहां स्थित सभी सब स्टेशन की प्रशासनिक व्यवस्थाा का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इस दौरान जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेंन्द्र सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। गर्मी के सीजन में शहर के जल आपूर्ति की व्यवस्था के सुचारू संचालन को ध्यान में रखते हुए नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश पर अपर आयुक्त लोकेश्वर साहू ने नगर निगम भाठागांव स्थित इंटेकवेल का स्थित सागर, सरिता, नीर छीर, और खारुन पंप हाउस से रॉ वाटर पंपों का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। इंटेकवेल में 20 मोटर पंप उपलब्ध हैं, इनमें से 12 मोटर पंप वर्तमान में संचालित है, जबकि 8 मोटर पंप आपात स्थिति के लिए सुरक्षित रखे गए हैं। श्री साहू ने जल विभाग के अधिकारी से एनीकट की क्षमता और उसमें जल स्टोरेज की व्यवस्था को लेकर जानकारी ली।

## अमर शहीद हेमू कालाणी की जयंती आज

**रायपुर।** क्रांतिवीर अमर शहीद हेमू कालाणी समिति द्वारा हेमू कालाणी चौक पर 23 मार्च को उनकी 103वीं जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष किशोर आहूजा एवं माडिया प्रभारी भरत पमनानी समेत अन्य पदाधिकारियों ने अनेक संतों, महापौर, नेता और पार्षदों को कार्यक्रम में शामिल होने निमंत्रण दिया है। संस्था के अध्यक्ष श्री आहूजा और श्री पमनानी ने बताया कि संस्था द्वारा विगत कई सालों से अमर शहीद हेमू कालाणी के जयंती व पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। समिति के संयोजक अनेश बजाज, त्रिलोकचंद चिमनानी, भरत बजाज, प्रेम बिरनानी, अमित वलेचा समेत अन्य तैयारियों में जुटे हुए हैं। कार्यक्रम में समस्त सिंधी समाज से बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे।

# मेटल पार्क के पास खाली प्लाट में कंकाल मिलने से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ फोरेंसिक जांच, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मौत के कारणों का पता चलेगा

उरला थाना के आद्योगिक क्षेत्र मेटल पार्क के एक खाली प्लाट में कंकाल मिलने से हड़कंप मच गया। कंकाल मिलने की घटना शनिवार की है।

कंकाल की पहचान कपड़ों के आधार पर कर ली गई है। जिस व्यक्ति का कंकाल मिला है, कपड़ों के आधार पर मृतक के बेटे ने कंकाल को अपने पिता का बताया है। मौके पर पुलिस तथा फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम जांच करने पहुंची है। जिस व्यक्ति का कंकाल बताया जा रहा है, उसकी पुष्टि के लिए कंकाल की हड्डी का डीएनए सैंपल जांच करने लैब भेजा जाएगा। शुरुआती जांच और कपड़ों के आधार पर मृतक की पहचान दिलीप (उम्र करीब 45-50 वर्ष) के रूप में की गई है। दिलीप करीब एक महीने से लापता था। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक दिलीप तीन मार्च से घर से लापता था। परिजनों ने 14 मार्च को विधानसभा



थाना में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी वह एक बार घर से गायब हुआ था, लेकिन कुछ समय बाद खुद ही लौट आया था। इस बार लंबे समय तक कोई जानकारी नहीं मिलने पर परिजन चिंतित थे। घटना स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शव पूरी तरह गल चुका है और केवल हड्डियां ही बची हैं।

ऐसे में मौत के कारणों का तत्काल पता लगाना मुश्किल है। हालांकि, पुलिस इस मामले को संदिग्ध मानते हुए हत्या के एंगल से भी जांच कर रही है। आशंका जताई जा रही है कि अज्ञात बदमाशों ने दिलीप की हत्या कर शव को सूनसान इलाके में फेंक दिया, ताकि सबूत मिटाए जा सकें।

## खबर संक्षेप

### गर्मी से राहत दिलाने शहर के 5 स्थानों पर शीतल जलसेवा केंद्र

रायपुर। राजधानी में गर्मी को देखते हुए साधक परिवार द्वारा शीतल जल सेवा केंद्र शुरू किये गये हैं। शहर के 5 स्थानों पर वाटर कूलर शीतल जल सेवा केंद्र आम जनता, राहगीरों व बस स्टैंड के यात्रियों की सुविधा के उपलब्ध हैं। ये सुविधा विधानसभा जीरो पाइंट ओवरब्रिज के पास, भाठागांव क्षेत्र स्थित अंतर्राज्यीय बस स्टैंड के गेट नंबर 2 के पास, अमलेश्वर थाना के सामने, वीआईपी चौक तेलीबांधा के साथ तेलीबांधा तालाब के मरीन ड्राइव में लोगों की प्यास बुझाने यह सेवा निरंतर दी जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार को रेलवे स्टेशन के प्लेट फार्म नंबर 1, 2 और 3 के साथ प्लेटफार्म 5 और 6 में यात्रियों और जरूरतमंद लोगों को मटके का ठंडा पानी निःशुल्क वितरण सेवा का शुभारंभ हुआ। मीडिया प्रभारी शोभाराज मल ने बताया कि 3 स्थानों पर शीतल जल सेवा केंद्र का शुभारंभ हुआ, जिसमें सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक सेवाधारी द्वारा ठंडा शीतल जल निशुल्क वितरण किया गया। आगे भी यह सुविधा जनहित में जारी रहेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शदाणी दरबार के संत युधिष्ठर लाल, भाजपा प्रवक्ता राजकुमार राठी, साधक परिवार के हरेश गोविंदानी, मनोज गोगिया, पवन यदु, दाउलाल, राकेश शर्मा, शिवनाथ, आनंद मिश्रा, ठाकुर राम, शोभराज मल, आनंद मिश्रा, सुरेश साहू के अलावा महिला मंडल की सदस्य और बाल संस्कार के सेवाधारी उपस्थित रहे।

आयोजन: दो श्रेणियों में हुआ मैराथन दौड़, प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

# शौर्य मैराथनः देशभक्ति के जज्बे के साथ दौड़ा महासमुंद, शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व सैनिक सेवा संघ महासमुंद एवं मनोरमा इंडस्ट्रीज लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में नगर में भव्य 'शौर्य मैराथन' का आयोजन किया गया। 23 मार्च शहीद दिवस की पूर्व 22 मार्च प्रातः 6 बजे पर आयोजित इस दौड़ में युवाओं का सैलाब उमड़ पड़ा। भारत माता के वीर सपूतों भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान को नमन करते हुए सैकड़ों धावकों ने अनुशासन और उत्साह के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज करायी।

मैराथन को दो श्रेणियों में विभाजित किया गया था। 6 किलोमीटर दौड़ः फॉरेस्ट ग्राउंड से शहीद स्मारक खरोरा तक। इसे मनोरमा इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक श्री गौतम कुमार पाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 5 किलोमीटर दौड़ः बरोंडा चौक से शहीद स्मारक खरोरा तक। इसे जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर ने हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ किया। प्रतियोगिता के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले धावकों को नकद राशि, प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित



किया गया 6 किलोमीटर श्रेणी के विजेता में प्रथम नोमेश चंद्राकर (10,000 रुपए), द्वितीय प्रियांशु साहू (7,000 रुपए) तृतीय सुमीत ठाकुर (5,000 रुपए) 5 किलोमीटर श्रेणी के विजेता में प्रथम गजेंद्र ठाकुर (7,000 रुपए), द्वितीय रूपेश निषाद (5,000 रुपए), तृतीयः ओम प्रकाश यादव (3,000 रुपए)। इसके अतिरिक्त, प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों को उनके उत्साहवर्धन के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। दौड़ का समापन खरोरा स्थित शहीद स्मारक प्रांगण में हुआ, जहां मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर और पुष्प चक्र अर्पित कर अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर ने सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मनोरमा इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक गौतम कुमार पाल ने अपने उद्बोधन में धावकों को शुभकामनाएं देते हुए देश विकास एवं पूर्व सैनिक सेवा संघ को हर तरह से सहयोग की प्रतिबद्धता जताई। संघ के अध्यक्ष युवराज चंद्राकर ने सभी प्रतिभागियों के परिश्रम की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. आशा जसवाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, मनोरमा इंडस्ट्रीज से विकास यादव व बाबूलाल शर्मा, पूर्व सैनिक सेवा संघ के समस्त सदस्य, उनके परिजन, अमर जवान पंकज चंद्राकर ग्रुप (बागबाहरा) के सदस्य एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।



### खट्टा में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** दिशा रामस्वरूप दीवान जनपद अध्यक्ष महासमुंद के जन्मदिवस के अवसर पर ग्राम खट्टा में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें भारत माता वाहिनी स्वसमूह एवं ग्राम संगठन के महिला समूह द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित दिशा रामस्वरूप दीवान, ग्राम पंचायत के सरपंच राजकमल पटेल, उपसरपंच गिरीश नायक, रामस्वरूप दीवान, गौरी दीवान, पिंकी दीवान, गोकुल नायक, राजेश पटेल एवं पंचगण उपस्थित रहे। स्वच्छता अभियान के तहत महिला स्वसमूह भारत माता वाहिनी को कचरा उठाने वाले साइकिल वितरण किया गया।

### महासमुंद में केनाल लिंक सड़क एवं पुल निर्माण को मिली प्रशासनिक स्वीकृति

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय में भलेसर रोड खल्लारी मंदिर से केंद्रीय विद्यालय की तरफ से जाकर बरोंडा रोड तक केनाल लिंक मार्ग के निर्माण एवं पुल-पुलिया सहित कार्यों को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 के बजट में शामिल किया गया था जिसके तहत लगभग 3.125 किलोमीटर लंबाई के मार्ग का निर्माण होगा। लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, इस कार्य के लिए 381.36 लाख (लगभग 3.81 करोड़) रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। कार्य का क्रियान्वयन लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित मानकों एवं प्रक्रिया के अनुसार किया जाएगा। निर्देशों में निर्माण कार्य की निविदा प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न की जाएगी तथा कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाएगा। पुल एवं पुलिया का निर्माण भी स्वीकृत डिजाइन एवं ड्रॉइंग के अनुरूप किया जाएगा। उक्त स्वीकृति से क्षेत्र में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी तथा ग्रामीणों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी।

### स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जिले में 27 तक स्वच्छता प्रतियोगिता आयोजित

**महासमुंद।** जिले में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत स्वच्छता को जन-आंदोलन का रूप देने के लिए 17 मार्च से 27 मार्च 2026 तक सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छता प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता के तहत निर्धारित तिथिवार कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति व्यापक जागरूकता, व्यवहार परिवर्तन एवं सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। प्रतियोगिता की शुरुआत 17 मार्च को प्रत्येक विकासखंड की ग्राम पंचायतों में कार्यशालाओं, वीडियो प्रदर्शन, आईएफसी सामग्री एवं प्रस्तुतियों के माध्यम से की गई, जिसमें सरपंचों एवं वार्ड सदस्यों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई। 18 मार्च को स्वच्छाग्राहियों द्वारा घर-घर जाकर शौचालय उपयोग, हाथ धोने की आदत एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य किया गया। 19 मार्च को विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में स्वच्छता सत्र आयोजित कर बच्चों को हाथ धोने का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया तथा निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं के माध्यम से स्वच्छता के प्रति रुचि विकसित की गई। 20 मार्च को सोशल मीडिया के माध्यम से स्वच्छता संदेशों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। वहीं 21 मार्च को स्थानीय भाषा में नुक्कड़ नाटक एवं रैलियों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया। 22 मार्च को स्वच्छाग्राहियों, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों एवं स्वयंसेवकों को शौचालय निर्माण एवं व्यवहार परिवर्तन की तकनीकों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसी तरह 23 मार्च को पंचायत स्तर पर दीवार लेखन एवं चित्रण के माध्यम से दृश्य जागरूकता बढ़ाई जाएगी तथा 24 मार्च को सामुदायिक चौपालों का आयोजन कर स्वच्छता एवं जल संरक्षण पर चर्चा की जाएगी, जिसमें लोकगीतों का भी उपयोग किया जाएगा। 25 मार्च को प्रत्येक पंचायत में सामुदायिक स्थलों पर व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। 26 मार्च को जिला स्तर की समिति द्वारा मैदानी सर्वेक्षण कर शौचालय उपयोग एवं स्वच्छता प्रथाओं का मूल्यांकन किया जाएगा। अभियान के अंतिम दिवस 27 मार्च को जिला स्तर पर समीक्षा बैठक आयोजित कर सभी विकासखंडों की प्रगति पर चर्चा की जाएगी तथा अंतिम स्कोरिंग एवं रैंकिंग सुनिश्चित की जाएगी, जिसके आधार पर विजेता एवं उपविजेता पंचायतों की घोषणा की जाएगी। सीईओ जिला पंचायत हेमंत नंदनवार ने इस संपूर्ण गतिविधि के दौरान प्रत्येक विकासखंड से स्वच्छता आधारित रील्स तैयार कर व्हाट्सएप एवं फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे जनसहभागिता को और अधिक बढ़ावा मिल सके। साथ ही पंचायतों में दीवार चित्रण, रैलियों, नुक्कड़ नाटकों एवं चौपालों के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता सुनिश्चित की जा रही है। गतिविधियों के परिणामस्वरूप सभी पंचायतों में स्वच्छता के प्रति 100 प्रतिशत जागरूकता, कम से कम 80 प्रतिशत घरों तक स्वच्छता संदेशों की पहुंच, विद्यार्थियों में स्वच्छ आदतों का विकास, सामाजिक सहभागिता में वृद्धि तथा स्वच्छता प्रथाओं में सकारात्मक बदलाव सुनिश्चित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक विकासखंड से प्रगति रिपोर्ट प्राप्त कर व्यवहार परिवर्तन से संबंधित आंकड़ों का संकलन किया जाएगा, जिससे कमजोर क्षेत्रों की पहचान कर आगे की रणनीति बनाई जा सके। सीईओ जिला पंचायत नंदनवार द्वारा निर्देशित किया गया है कि समस्त ग्राम पंचायतों में निर्धारित तिथिवार गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए विस्तृत प्रतिवेदन समय-सीमा में इस कार्यालय को प्रेषित किया जाए, ताकि अभियान का समुचित मूल्यांकन किया जा सके।



## अंशकाली ने स्कूल सफाई कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर डीईओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ अंशकाली स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ जिला महासमुंद द्वारा अपनी मांगों को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी से सौजन्य मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा गया। संघ के जिला अध्यक्ष श्यामरतन सागर ने बताया कि जिले की समस्त स्कूलों में सफाई कर्मचारी की नियुक्ति 2011 में हुई थी, जिसे 2 घंटा काम एवज में बहुत ही अल्प मानदेय 3000 रुपए मिलता है, वह भी प्रति माह ना मिलकर 2 या 3 माह में दिया जाता है। जबकि, शासन द्वारा स्पष्ट रूप से आदेश जारी किया गया है कि माह के 5 तारीख तक कर्मचारियों का मानदेय जारी करने को कहा गया है। लेकिन, संबंधित कर्मचारियों के मनमानी के चलते सही समय पर मानदेय नहीं मिलता। जिस कारण से सफाई कर्मचारियों को आर्थिक एवं मानसिक प्रताड़ना से जूझना पड़ता है। संघ ने लापरवाही करने वाले वेतन आहरण अधिकारी एवं कर्मचारियों पर कार्यवाही करने की मांग की है। साथ ही माह के 5 तारीख तक मानदेय जारी करने एवं हड़ताल अवधि को शून्य घोषित कर मानदेय जारी करने की मांग की है। इस दौरान जिला अध्यक्ष श्यामरतन सागर, जिला सचिव मानिक लाल टंडन, कमलेश्वर चंद्राकर ब्लाक अध्यक्ष बागबाहरा, अश्वनी बरिहा ब्लाक अध्यक्ष महासमुंद, शिवलाल भोई अध्यक्ष पिथौरा, मदन लाल साहू ब्लाक सचिव बागबाहरा, कार्तिक बंजारे सचिव महासमुंद, सूर्यमणि नंद ब्लाक उपाध्यक्ष पिथौरा एवं ब्लाक सहसचिव महासमुंद उपस्थित थे।

# जिला देवांगन समाज की वार्षिक बैठक में पदाधिकारियों का हुआ चुनाव





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोमाखान

जिला देवांगन समाज का वार्षिक बैठक फुलझर अंचल के बसना विधानसभा के ग्राम अरेकेल में हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल के विधायक प्रतिनिधि राजेश अग्रवाल मौजूद रहे। विशेष अतिथि मंजू चौहान सरपंच ग्राम पंचायत अरेकेल रही। अध्यक्षता डॉ लक्ष्मीचंद देवांगन ने की।

जिला देवांगन अध्यक्ष डॉ लक्ष्मी चंद देवांगन अपने उद्बोधन में कहा कि समाज को संगठित होकर चले, संगठन में शक्ति है। वो समाज बहुत आगे बढ़ रहे है। दूसरा कोई भी समाज हो बैगर शिक्षा के कभी आगे नहीं बढ़ सकता। इसलिए समाज के प्रत्येक बच्चों को पढ़ाई के क्षेत्र में आगे लाना है। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज को शिक्षा, समाज की संगठन ओर रीति-रिवाज के साथ आगे बढ़ने पर बल दिया।

समाज को राजनीति में कैसे आगे आये, क्योंकि समाज जन को शिक्षा के साथ साथ राजनीतिक में भी परस्पर भागीदारी निभानी होंगी। विधायक प्रतिनिधि ने देवांगन भवन के लिए घोषणा की है।

आभार प्रदर्शन कमलेश देवांगन ने किया। इसके बाद जिला देवांगन समाज का निर्वाचन किया गया, जिसमें अध्यक्ष डॉ लक्ष्मी चंद देवांगन, उपाध्यक्ष प्रेम शंकर देवांगन, जानवी देवांगन, फाल्गुनी देवांगन, सचिव सुरेश देवांगन, सह सचिव पवन देवांगन, सह सचिव रूपा देवांगन, कोषाध्यक्ष पीलूराम देवांगन, प्रवक्ता भोजनाथ देवांगन, मीडिया प्रभारी ओम प्रकाश देवांगन, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ अन्नपूर्णा जवाहर देवांगन, जिला प्रतिनिधि रुपवती देवांगन, जिला कार्यकारिणी में हिरेंद्र देवांगन, पुनीत राम देवांगन, संजय देवांगन, भानुप्रताप देवांगन, तेजराम देवांगन, दिलीप देवांगन, जवाहर देवांगन, रिखी राम देवांगन, निहाल देवांगन सुरेंद्र देवांगन, रोमनाथ देवांगन, हरक राम देवांगन, बोधराम देवांगन, भरत, किशोर, देवनाथ, बृजलाल, पुरुषोत्तम देवांगन, रमेश देवांगन, गोलू देवांगन, लखन देवांगन, प्यारी देवांगन, संरक्षकगण मदन देवांगन, नाथूराम देवांगन, सेत राम देवांगन, कमलेश देवांगन शामिल है। निर्वाचन के पश्चात सभी को निर्वाचन अधिकारी सेत राम देवांगन एवं सह निर्वाचन अधिकारी भोजनाथ देवांगन ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई।

## नई कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर छग शिक्षक संघ की महत्वपूर्ण बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला इकाई एवं विखं इकाईयों की बैठक उप प्रांताध्यक्ष टेकराम सेन की अध्यक्षता में बीआरसी भवन पिथौरा में हुई। इस अवसर पर विशेष रुप से नई कार्यकारिणी की शपथ ग्रहण समारोह पर चर्चा करते हुए अप्रैल की तीसरे सप्ताह में सरायपाली विखं में भव्य संभागीय सम्मेलन, शिक्षक सम्मान एवं महिला सम्मेलन जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के साथ किये जाने पर सहमति बनी।



बैठक को संबोधित करते हुए उप प्रांताध्यक्ष टेकराम सेन ने कहा कि छग शिक्षक संघ का राष्ट्र निर्माण में स्वर्णिम इतिहास रहा है। हमें संगठन की मजबूती पर विशेष योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि जिला में इस संगठन की जिम्मेदारी नई पीढ़ी के रुप में अनिल पटेल को जिला अध्यक्ष के रुप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी आप सभी ने दी है। इसका बखूबी निर्वहन करते हुए शिक्षाहित में योगदान दें। बैठक में प्रमुख संगठन मंत्री भागवत जगत भूमिल, चंद्रहास पात्र, यूके दास, राजेश शर्मा, रामकुमार साहू, प्रमोद कन्नौजे ने अपने विचार खते हुये कहा कि छग शिक्षक संघ पूरे प्रदेश में अपने नवाचारी गतिविधियों एवं शिक्षार्थी हित में अनेक उल्लेखनीय कार्य किया है। इसी नवीनता के साथ अपने उर्जा को बच्चों के हितों में लगाए। उन्होंने कहा कि संगठन एक नई विचारधारा के साथ सरकार के साथ कंधों से कंधा मिलाकर कार्य कर रहा है। लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि हमारे शिक्षकों के साथ कोई अन्याय हो। अनिल पटेल ने कहा कि शपथ ग्रहण भव्य एवं ऐतिहासिक होगा एवं मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री, सांसद एवं हमारे सभी विधायकों के साथ साथ हमारे प्रांतीय पदाधिकारियों को आमंत्रित कर एक नया अध्याय बनाएंगे। इस अवसर पर किशोर कुमार रथ, टंकेश्वर प्रसाद जायसवाल, रोहिणी देवांगन, सरिता दानी, मनोज राणा, अभिमन्यु गायकवाड़, लता वैष्णव, शैलेंद्र नायक, जयराम पटेल (जिला सचिव), डी. बसंत साव, टोहन देवांगन, नारायण प्रसाद नायक, गीता गोहिया, चेतन दीवान, दाऊ सिंह दीवान, ऐतराम साहू, लक्ष्मीकांत सिन्हा, कुबेर साहू, नंद कुमारसाहू, बसंत साहू, रघुनाथ चौधरी, कोमल साहू, अंर्तयामी प्रधान, ठाकुर सिंह ध्रुव, हीराराम नेताम, असीम पाईक, जानक जीवन प्रधान, मणिराम यादव, गैंदलाल साहू। बैठक का संचालन जिला सचिव जयराम पटेल एवं आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष रोहिणी देवांगन ने किया।

## लक्ष्य प्राप्ति के लिए व्यवधानों से ना घबराए, आत्मविश्वास को मजबूत रखें : संजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

यूपीएससी में चयनित जिला के बेलटुकरी निवासी संजय डहरिया का आईएएस कंफर्म होने के बाद प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के नेतृत्व में अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ व छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ के सहभागिता से टाऊन हॉल में जिला स्तरीय सम्मान समारोह एवं प्रतियोगी परीक्षा के लिए मार्गदर्शन कार्यक्रम रखा गया। जिसमें में मुख्य तौर से संजय डहरिया, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, जिला परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग टिकेंद्र खटकर, प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रदेश सहसचिव दिनेश बंजारे, प्रदेश प्रवक्ता राजमहंत कोसरिया, प्रदेश प्रभारी डमरु मनहर, सर्व समाज जिलाध्यक्ष बसंत सिन्हा, संरक्षक धरमदास साहू, अजाक्स के उपाध्यक्ष अनिल ढीढी, सचिव तुलेंद्र सागर, सुरेंद्र मानिकपुरी प्राचार्य, जिलाध्यक्ष विजय बंजारे, कुमारी भास्कर जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ आदि मौजूद रहे।

प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे नवकिरण के परीक्षार्थी, अनुसूचित जाति जनजाति पोस्ट मैट्रिक बालक व बालिका छात्रावास के छात्र-छात्राओं के साथ ही अन्य



छात्रों को मार्गदर्शन करते हुए संजय डहरिया ने लक्ष्य प्राप्ति के लिए आत्मविश्वास को मजबूत रखने की बात कही। आपके जीवन में जितनी भी व्यवधान आ जाएं लेकिन विचलित ना होए। छात्रों के प्रश्नों के उत्तर देते हुए कहा कि किसी विषय की कठिनाइयों को नजरंदाज कर भाग नहीं सकते, बल्कि उसे हर हालत में पूर्ण समझने की ठान लें।

वे छात्र जीवन से सफल होने तक की अच्छे और बुरे हालतों से अवगत कराया। छात्रों ने उत्साह के साथ सवाल पूछे और सभी सवालों की जवाब संजय डहरिया ने बहुत ही शालीनता के साथ दिया।अंत में भारतीय संविधान की मुल भावना सामाजिक न्याय को कोड किया। जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे ने संजय डहरिया को युवाओं के लिए रोल मॉडल बताया और छात्रों को उनसे प्रेरणा लेने की बात कही।

दिनेश बंजारे ने प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज द्वारा संचालित पे बेक सोसायटी के स्थापना से लेकर अब तक जरुरतमंद छात्र-छात्राओं को दी गई सहयोग और उनके सफलताओं का जिक्र करते हुए समाज के अधिकारी कर्मचारियों को अधिक से अधिक संख्या में हर माह सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम को एसआर बंजारे, सुरेंद्र मानिकपुरी, डमरु मनहर, टिकेंद्र जाटवर, बसंत सिन्हा ने भी संबोधित करते हुए संजय डहरिया के जीवन संघर्षों को युवाओं के लिए प्रेरणादायक व उनके सफलता प्राप्ति पर जिला के लिए गौरव का विषय बताया।

कार्यक्रम में पे बेक सोसायटी में प्रति माह सहयोग करने वाले सतनामी समाज के 135 अधिकारी कर्मचारी व व्यवसाई का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। ज्ञात हो कि प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज द्वारा संचालित पे बेक सोसायटी के माध्यम से 10-15 छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए व 15-20 छात्रों को स्कूली शिक्षा के लिए सहयोग कर चुकी है तथा प्रतिवर्ष अनुसूचित जाति छात्रावासों में खेल सामग्री, जरूरतमंद छात्रों को पुस्तक कापी बांटती है। सभी अतिथियों ने कार्य की सराहना किया।

कार्यक्रम का संचालन रेखराज बघेल जिला सचिव व आभार प्रदर्शन जिलाध्यक्ष विजय बंजारे ने किया। कार्यक्रम में विजय लक्ष्मी जांगड़े, ब्रिजेन बंजारे, खोशिल गेंड्रे जिला उपाध्यक्ष, के सोनटके, जिला कार्यकारिणी सदस्य डॉ विजय चतुर्वेदी, चंदन रात्रे, हरक मन्नाडे, घनश्याम जांगड़े, सुरेश रात्रे, विजय मिर्चे, ब्लॉक अध्यक्षो में चित्र कुमार भारती, चिंता साय बागबाहरा, तरुवर कोसरिया पिथौरा, श्यामलाल बारिक सरायपाली, सचिव गणेश टंडन, शिक्षा प्रकोष्ठ के राजेश रात्रे, सचिव देवेंद्र मिर्चे, फनेंद्र बंजारे, पाल सिंह बंजारे, महेंद्र बंजारे आदि मौजूद रहे।

## अयोध्या नगर जनकल्याण सेवा समिति की नई कार्यकारिणी गठित



**महासमुंद।** अयोध्या नगर जन कल्याण सेवा समिति वार्ड नं 3 महासमुंद की बैठक हुई। बैठक में अयोध्या नगर कॉलोनी निवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठन के नए पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति के साथ किया गया एवम संगठन को मजबूत करने आगामी गतिविधियों की रूपरेखा तैयार करने तथा जनसमस्याओं के निराकरण करने के लिए नए कार्यकारिणी गठित किया गया। जिसमें संरक्षक पद के लिए शंकर सिंह ठाकुर, भवन कुमार ढीढी, एसके सोरी, अध्यक्ष पद हेतु नुकेश महंत, उपाध्यक्ष संतोष साहू, सचिव राजेंद्र कौशिक, कोषाध्यक्ष श्रवण चंद्राकर, संगठन सचिव अकरम खान एवम मीडिया प्रभारी अमित सक्सेना के बाद पूर्व संरक्षक आर के श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष चमन साहू, पूर्व सचिव शिवकुमार साहू, पूर्व कोषाध्यक्ष रामकुमार साहू, सदस्य विमल मन्नाडे, सरजू दास मानिकपुरी, रूपसिंग दीवान, आर साहू, ब्रिजेन हीरा बंजारे, ओमप्रकाश ठाकुर, सौरभ तोमर, डिगेश ठाकुर, जितेंद्र पाठक, कृष्णा उरांव, दीपक दीवान, देवेंद पांडे, रामानंद ध्रुव, उमा शंकर दुबे, इंदु सूर्यवंशी आदि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिन्हें कार्यकारिणी सदस्य हेतु प्रस्ताव पारित किया गया।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
Piles Care Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### विधायक के प्रयासों से महिला को मिली 50 हजार की सहायता राशि

**महासमुंद।** विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के प्रयासों से एक अस्वस्थ महिला को उपचार के लिए सहायता राशि प्राप्त हुई है। ग्राम कोसरंगी निवासी कुमारी बाई विश्वकर्मा को मुख्यमंत्री अनुदान कोष से 50 हजार रुपए की राशि प्राप्त हुई है। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा नेता शरद मराठा, कोसरंगी बूथ अध्यक्ष द्वारिका साहू व महेंद्र सिक्का द्वारा चेक प्रदान किया गया।



### मोहम्मद यूनुस राजवानी के निवास पहुंचे भाजपाई

**महासमुंद।** ईद-उल-फितर पर्व पर अल्पसंख्यक मोर्चा शहर मंडल अध्यक्ष मोहम्मद यूनुस राजवानी के निवास पर भाजपा शहर मंडल के पदाधिकारियों ने मुलाकात की। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, प्रभारी हनीश बग्गा, भाजपा नेता पप्पू ठाकुर, महेंद्र सिक्का और शमशु खान विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी लोगों ने एक-दूसरे को गले लगकर पर्व की बधाई दी।

### मंडी उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा के लिए हुआ पहला टेस्ट

**महासमुंद।** मंडी उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा 2026 को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन एवं अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी रवि साहू, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण अकादमी में मंडी उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा हेतु 04 टेस्ट सीरीज के क्रम में आज पहला टेस्ट का आयोजन किया गया। जारी विज्ञप्ति में डी.बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि 04 टेस्ट सीरीज के क्रम में पहला टेस्ट पेपर मंडी उपनिरीक्षक भर्ती संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट -01 हुआ। टेस्ट पेपर का निरीक्षण सहायक जिला परियोजना अधिकारी प्रमोद कुमार कन्नौजे द्वारा किया गया।

# खल्लारी मंदिर का रोप-वे टूटा 20 फीट नीचे गिरकर लुढ़की ट्रॉली











महासमुंद जिले के खल्लारी माता मंदिर में दैवीय तीर्थ एवं पर्यटन स्थल खल्लारी में रविवार सुबह रोप-वे टूटकर 20 फीट नीचे गिरकर लुढ़कती चली गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्राली कई बार लुढ़की और नीचे मैदान तक जा पहुंची। मैदान से मंदिर की ऊंचाई 200 फीट से ज्यादा बताई जाती है। इस हादसे के बाद घटना स्थल पर कौहराम मच गया। दर्शन के लिए पहुंचे लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल तक पहुंचाया गया। बता दें कि इस दुर्घटना में एक महिला की मौत हुई है जबकि 17 लोग घायल हुए हैं।



## रोपवे हादसे में घायलों का हाल जानने अस्पताल पहुंचीं अलका



### त्वरित उपचार के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आस्था के केंद्र प्रसिद्ध खल्लारी माता मंदिर में रोपवे टूटने की हुई दुखद घटना ने श्रद्धालुओं और स्थानीय प्रशासन को झकझोर कर रख दिया है। इस अप्रत्याशित हादसे की सूचना मिलते ही खल्लारी विधानसभा क्षेत्र की छाया विधायक अलका चंद्राकर ने संवेदनशीलता दिखाते हुए अपने सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए और सीधे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा पहुँचीं। अलका ने अस्पताल के भीतर बेड पर उपचाराधीन प्रत्येक घायल से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की। उन्होंने न केवल उनका कुशलक्षेम पूछा बल्कि उनके परिजनों को भी हिम्मत बंधाते हुए आश्वस्त किया कि संकट की इस घड़ी में वे अकेली नहीं हैं। हादसे के बाद प्रशासन की सक्रियता पर संतोष जताते हुए अलका ने डॉक्टरों की टीम से घायलों की मेडिकल रिपोर्ट पर चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि घायलों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं और दवाइयां बिना किसी देरी के उपलब्ध कराई जाएं। गंभीर रूप से घायल मरीजों को यदि उच्च केंद्रों पर भेजने की आवश्यकता हो तो उसकी तत्काल व्यवस्था की जाए। प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि पीड़ति परिवारों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

अलका ने कहा कि मां खल्लारी की कृपा से एक बड़ा हादसा टल गया है। फिर भी यह अत्यंत पीड़ादायक घटना है। मेरी ईश्वर से यही प्रार्थना है कि अस्पताल में भर्ती सभी भाई बहन जल्द स्वस्थ होकर अपने घर लौटें। प्रशासन घायलों के बेहतर उपचार के लिए पूरी तरह समर्पित है। मुलाकात के दौरान स्थानीय नागरिकों और कार्यकर्ताओं ने रोपवे के रखरखाव को लेकर भी चर्चा की। चंद्राकर ने आश्वासन दिया कि घायलों के उपचार के बाद इस घटना के कारणों की समीक्षा और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कड़े सुरक्षा मानकों पर जोर दिया जाएगा।

## ड्योढीपार देशहा सेन समाज की नई कार्यकारिणी गठित, अध्यक्ष बने गोविंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

सिरपुर महासभा ड्योढीपार देशहा सेन समाज का वार्षिक अधिवेशन हुआ। जिसमें संगठन के चार प्रमुख पदों अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष का निर्वाचन सर्वसम्मति से किया गया। इस अवसर पर क्रमशः गोविंद सेन अध्यक्ष, तोषण सेन उपाध्यक्ष, डॉ. शेषनारायण सेन सचिव तथा लुमन सेन कोषाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए।



इसी कड़ी में 21 मार्च को सेन मंगल भवन, सिरपुर में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों एवं सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में संगठन के शेष पदों का भी सर्वसम्मति से चयन किया गया। जिसमें संरक्षक के रूप में सर्व माखन लाल सेन (छपोरा) एवं गांधू सेन (सिर्री), सलाहकार के रूप में नंदू सेन (खमतराई), अवधराम सेन, महामंत्री के रूप में रामकुमार सेन (अचानकपुर), संगठन सचिव के रूप में भूपेंद्र सेन (महासमुंद), ऑडिटर के रूप में नरेंद्र कौशिक (लखनपुर), सहसचिव के रूप में सुनील सेन (कोरासी), प्रचार मंत्री संतोष सेन (भोरिंग), मीडिया प्रभारी वीरेंद्र सेन (रंगोरा) तथा कार्यकारिणी सदस्य (पंच) के रूप में बल्दुराम सेन (कछारडीह), विष्णु सेन (कोरासी), रेखराम सेन ( सिरपुर), दौलत सेन (अरंड) सदस्यों का चयन किया गया। इस अवसर पर सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का समाज के प्रति समर्पण, संगठन को सशक्त बनाने एवं समाजहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया गया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें होली मिलन के रंगों के साथ सामाजिक एकता, भाईचारे एवं संगठन की मजबूती का संदेश प्रसारित हुआ।

### हरित ऊर्जा की ओर कदम आत्मनिर्भर भारत का संगम: निधि



**महासमुंद।** केंद्र सरकार द्वारा लघु जल विद्युत (एसएचपी) विकास योजना को मंजूरी दिए जाने पर जनपद सदस्य निधि लोकेश चंद्राकर ने इसे देश के ऊर्जा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक, दूरदर्शी और जनहितकारी निर्णय बताया है। चंद्राकर ने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक लागू होने वाली यह योजना भारत को स्वच्छ, सस्ती और सतत ऊर्जा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। लघु जल विद्युत परियोजनाएं पर्यावरण के अनुकूल होती हैं, जिससे बिना प्रदूषण के बिजली उत्पादन संभव है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत लगभग 1500 मेगावाट क्षमता की परियोजनाओं के विकास से हजारों करोड़ रुपए का निवेश आएगा, जिससे न केवल ऊर्जा उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। खासकर ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के युवाओं को इससे सीधा लाभ मिलेगा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलेगी। अंत में निधि लोकेश चंद्राकर ने कहा कि केंद्र सरकार का यह निर्णय देश के उज्जवल भविष्य, हरित ऊर्जा और सतत विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय मंत्रिमंडल को इस महत्वपूर्ण और जनहितकारी पहल के लिए शुभकामनाएं दीं।


आवश्यकता है

हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

रायपुर शहर

सीनियर प्रसार प्रतिनिधि

05 पद

शैक्षणिक योग्यता स्नातक

समाचार पत्र में प्रसार विभाग में

कार्य अनुभव 2 साल

वेतन 15000 + 5000/-

दिनांक - 20 मार्च से 23 मार्च 2026

समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक

नोट : प्रसार वृद्धि के लिये टीम तैयार करने वाले को प्राथमिकता

ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।

cir.haribhoomi@gmail.com

हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर


### जनपद अध्यक्ष ने केक काटकर मनाया जन्मदिन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम खट्टा में सीसी रोड, मुक्तिधाम शेड निर्माण समेत अनेक कार्यों के लिए भूमिपूजन विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने किया। इस मौके पर जनपद पंचायत अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान के जन्मदिन पर कार्यक्रम के दौरान केक काटा गया। इस अवसर पर डिगेश्वरी चंद्राकर, हुलसी चंद्राकर, निर्भय नायक, विजयलक्ष्मी दिनेश्वर साहू, सुनील पटेल, महेश मक्कड़, राज कमल पटेल, रमेश साहू, गौकरण साहू, धरम पटेल, टीकाराम पटेल, मनोहर साहू, मधु यादव, सुनीता ढीवर, डॉ सोमनाथ सिन्हा, संतोष शर्मा, चंद्रशेखर पटेल, विकास अग्रवाल, ऋतु जोहत निषाद, रामशरण दिवान, प्रेम सिंग दीवान, गिरीश नायक, हुमेश देवांगन, सतीश मारकंडे उपस्थित रहे।